निबंधन एवं शर्तें

वरिष्ठ परामर्शदाता – निजी सार्वजनिक सहभागिता (पीपीपी)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) में कार्य करने के लिए ऊपर उल्लिखित पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु अर्हता-प्राप्त अभ्यार्थियों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

भूमि का तथा उत्तरदायित्व:

- स्वास्थ्य परिचर्या सेवा प्रदानगी में पीपीपी हेतु कमियों/आवश्यकताओं का पता लगाना।
- पता लगाई गई कमियों को दूर करने के लिए पीपीपी कार्यनीतियां बनाने हेतु राज्यों/यूएलबी को सहयोग प्रदान करना।
- लाभ न कमाने बाले अथवा धर्मार्थ संस्थानों सहित शहरी क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की भागीदारी का पता लगाना।
- निजी क्षेत्र सहित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या में परियोजनाओं की रूपरेखा तथा योजना बनाने में राज्यों की सहायता करना।
- संविदा डिज़ाइन, मुख्य कार्य-निष्पादन संकेतकों के निर्माण तथा विकास की निगरानी सहित क्रय तथा संविदा प्रबंधन हेतु बोली दस्तावेजों को अंतिम रूप प्रदान कराने में राज्यों को सहायता प्रदान करना।
- पीपीपी परियोजनाओं की निगरानी करना।
- आउटसोर्स परियोजनाओं के लागत लाभ विश्लेषण सहित गुणवत्ता हेतु निजी क्षेत्रों की सहभागिता हेतु क्षेत्रों को पता लगाना।
- इन चुनौतियों से निपटने के लिए पीपीपी पहलों की समीक्षा करना, चुनौतियों का पता लगाना तथा राज्यों/संघ शासित राज्यों को सहायता देने हेतु राज्यों/संघ शासित राज्यों तथा जिलों का आवधिक क्षेत्रीय दौरा करना।
- मानदंडों को अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु राज्यों/संघ शासित राज्यों के साथ पीपीपी संपर्क बनाने के संबंध में राज्यों/संघ शासित राज्यों के कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) के मूल्यांकन की जिम्मेदारी लेना।
- अन्य कार्यों को पूरा करना, जोकि रिपोटिंग अधिकारी द्वारा समय-समय पर दिया जा सकता है।

पात्रता:

- स्वास्थ्य तथा चिकित्सा प्रबंधन/स्वास्थ्य अर्थव्यस्था में एमबीए/पीजीडीएम अथवा किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से समकक्ष डिग्री। संबंधित क्षेत्र में कोई प्रमाण-पत्र / डिप्लोमा पाठ्यक्रम वांछनीय होगा।
- जन स्वास्थ्य/स्वास्थ्य परिचर्या क्षेत्र /राष्ट्रीय/ राज्य-वार स्तर पर सामाजिक क्षेत्र में पीपीपी परियोजनाओं में शामिल अन्य संगठन/एनजीओ/निजी क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव, प्रस्तावों (आरएफपी) हेतु अनुरोध तैयार करने की जानकारी तथा सेवा स्तरीय अनुबंध (एसएलए) आदि । राज्य स्तरीय अनुभव वांछनीय होगा तथा इसे वरीयता दी जाएगी। संबंधित क्षेत्र में कार्य अनुभव होने को तरजीह दी जाएगी।
- साधारण प्रयोग किए जाने वाले पैकेज जैसे एमएस वार्ड, एक्सेल, पॉवर प्वाइंट की जानकारी सहित अन्य स्तरीय कंप्यूटर की जानकारी।

- अच्छा संचार तथा प्रस्तुतीकरण कौशल, विश्लेषणात्मक तथा परस्पर व्याक्तिगत योग्यताएं अंग्रेजी बोलने तथा लिखने का कौशल।
- बहु-विषयक दल में काम करने की योग्यता।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु राज्यों तथा जिलों में यात्रा करने के इच्छुक तथा समय-सीमा को पूरा करने के लिए एक-साथ विभिन्न कार्यों को करने की दक्षता।

वेतनमान: 90,000/-रु. से 1,50,000/-रु. प्रति माह

आयु: आवेदन प्राप्त करने की तारीख को ऊपरी आयु सीमा 50 वर्ष है।

आवेदन करने के लिए:

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **29-Dec-2018 तक** nuhm.recruitments@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।